Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 21-07-2022 अंक 291

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### मोटरसाइकिल के चपेट में आने से पांच वर्षीय घायल, रेफर



बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत निवासी बीरेंद्र कुमार का पांच वर्षीय पुत्र सोनू कुमार स्कूल से आने के क्रम में बरसोत में एक बाइक ने उसे अपने चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, आनन फानन में उनके परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### बहु ने अपने सास पर किया जानलेवा हमला हुई घायल, रेफर



बरही प्रखंड अंतर्गत गोरियाकरमा पंचायत के गोरियाकरमा निवासी पार्वती देवी उम्र 52 वर्ष पति स्व डेगलाल राणा मारपीट में घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सास और बहु के बीच हुई झड़प में बहु ने अपने सास पर को मारपीट कर घायल कर दिया जिसमे पार्वती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं उनके परि. जनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में एक घायल रेफर



बिरनी प्रखंड अंतर्गत बरहमसिया चौक पर एक मोटरसाइकिल में पति-पत्नी सवार होकर सड़क के किनारे खड़े थे तभी अचानक वहीं दूसरी ओर से आ रही मोटरसाईकिल स्कूटी सवार बरमसिया निवासी विवेक राय ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे मोटरसाइकिल सवार दोनों पति-पत्नी नीचे गिर गए जिससे कलावती देवी 38 वर्ष जख्मी हो गयी वहीं जख्मी कलावती बिरनी के टाटो रिश्तेदार से अपने घर जमुआ प्रखंड के बदडीहा जाने के लिए रुकी थी वहीं आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी लाया गया जिसका उपचार के बाद नाजुक स्थिति को देखते बेहतर इलाज के गिरिडीह रेफर कर दिया गया ।

**APEM LIVE**

# लगातार चौथी बार ईशो सिंह बने झारखण्ड पेंशनर कल्याण समाज के अनुमंडलीय अध्यक्ष, सचिव बने महेंद्र दुबे

## झारखण्ड पेंशनर कल्याण समाज का तीसरा वार्षिक सम्मेलन का आयोजन, नई कमेटी गठित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में झारखण्ड पेंशनर कल्याण समाज सह बुद्धिजीवी मंच का तीसरा वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखण्ड पेंशनर कल्याण समाज के मुख्य संरक्षक शम्भू प्रसाद सिंह, जिला सचिव अखौरी जयंत सिन्हा, अध्यक्ष ईशो सिंह, सचिव महेंद्र दुबे , उपाध्यक्ष रामचन्द्र पांडेय, कैलाशपति सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर नई कमेटी का गठन किया गया। गठित कमेटी में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अतिथि ईशो सिंह लगातार चौथी बार झारखण्ड पेंशनर कल्याण समाज के अनुमंडलीय अध्यक्ष चुने गए। वही महेंद्र प्रसाद दुबे भी लगातार चौथी बार महासचिव चुने गए। इसके अतिरिक्त मुख्य संरक्षक जगनारायण प्रसाद, संरक्षक कामता प्रसाद सिंह, सम्मानित अध्यक्ष भोला सिंह, उपाध्यक्ष रामचंद्र पांडेय एवं रामप्रसाद रजक, संयुक्त सचिव श्रीकांत पाण्डेय, रामनाथ प्रसाद एवं देवधारी प्रजापति, कोषाध्यक्ष नकूलदेव राणा, संगठन सचिव साधुशरण दास, मीडिया प्रभारी कृष्णा गुप्ता, अंकेक्षक कृष्णा मोहन दास, जगदीश सिंह, कार्यालय सहायक अनमोल राणा को बनाया गया। इसके अलावे, कार्यकारिणी सदस्यों में नागेश्वर ठाकुर, जानकी ठाकुर, लक्ष्मण प्रसाद, सरयू राम, योगेश्वर राणा, बालदेव पांडेय, घमन महतो, बासुदेव चंद्र यादव,मथुरा पांडेय, रामेश्वर यादव, युगलकिशोर पांडेय, लोकनाथ प्रजापति, कैलाश पति सिंह, छठु गोप, रविन्द्र कुमार गुप्ता, रामनारायण प्रसाद, कृष्णा प्रसाद केशरी, सुखदेव राम, रामनारायण साहू, तापेश्वर प्रसाद गुप्ता, कैलाश प्रसाद, प्रभुनाथ सिंह, अनमोल राणा, जगदीश सिंह, बिनोद राना को शामिल किया गया है। सभी नव चयनित कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मौके पर मुख्य अतिथि एवं पर्यवेक्षक को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर रामनाथ प्रसाद सिंह, कामता सिंह, रामचंद्र पांडेय, जगनारायण प्रसाद, कृष्णा मोहन दास, अरुण कुमार, मदन राम, सोहन प्रसाद यादव, देवधारी प्रजापति, लक्ष्मण प्रसाद, जुगल पांडेय, रामलाल प्रसाद, योगेश्वर राणा, प्रसादी राम, मो अजीज, अनमोल राणा, कैलाशपति सिंह, रामनाथ प्रसाद, रामनारायण साहू, घमंन महतो सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



सम्मेलन का उद्घाटन करते पेंशनर समाज के लोग




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## ईडी के विरोध में कांग्रेस के द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए बरही के कांग्रेसी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बिरोध प्रदर्शन में शामिल कांग्रेसी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित प्रवर्तन निदेशालय का कार्यालय हिनू रांची में ईडी के द्वारा गलत तरीके से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी के खिलाफ जानबूझकर परेशान किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया गया । इस कार्यक्रम में हजारीबाग जिला के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह जी के नेतृत्व में जिला महासचिव बिनोद यादब, बरही विधानसभा से जिला कांग्रेस पार्टी जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर निज़ामुद्दीन अंसारी सह बरही विधानसभा के मीडिया प्रभारी, असरफ अली उर्फ असलम अंसारी, महेश यादव, शशि मोहन सिंह वीरेंद्र कुमार सिंह लाल बिहारी सिंह निसार खान गोविंद राम अशरफ जी सहित सैकड़ों वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने हजारीबाग जिला से प्रदर्शन में भाग लिया।।

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल का एक्सरे मशीन महीनो से पड़ा है खराब, मरीजों को हो रही परेशानी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही अनुमंडलीय अस्पताल में खराब एक्सरे मशीन के कारण मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में एक्सरे मशीन लगभग एक महीना से खराब होने के कारण एक्सरे नही हो पा रहा है। जिससे मरीजों को मजबूरन निजी क्लीनिक में एक्सरे करवाना पड़ रहा है जिसने 400 से 500 रुपए खर्च करना पड़ रहा है। वहीं अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया एक्सरे मशीन का प्लेट नही होने के कारण एक्सरे मशीन बंद है। एक दो दिन के अंदर एक्सरे प्लेट अनुमंडलीय अस्पताल में उपलब्ध कराए जायेंगे। जिससे एक्सरे मशीन का लाभ मरीजों को मिल सके। और एक्सरे के लिए किसी अन्य क्लिनिक में नही जाना होगा।

## पूर्व विधायक के आवास पर आरएसएस द्वारा गुरु पूर्णिमा का हुआ आयोजन, सभी ने देश की सुरक्षा का लिया संकल्प




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही आरएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा गुरुवार को बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के आवास पर गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित स्वयंसेवको ने भगवा ध्वज रूपी गुरु का पूजन करते हुते गुप्त दान किया। कार्यक्रम में संघ के त्रिवेणी साव ने बौद्धिक के रूप में संघ के विषयों से लोगो को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि अपने राष्ट्र और समाज जीवन में गुरु पूर्णिमा आषाढ़ पूर्णिमा अत्यंत महत्वपूर्ण उत्सव है। महर्षि व्यास आदिगुरु हैं। उन्होंने मानव जीवन को गुणों पर निर्धारित करते हुए उन महान आदर्शों को व्यवस्थित रूप में समाज के सामने रखा। कहा कि अपने समाज में हजारों सालों से, व्यास भगवान से लेकर आज तक, श्रेष्ठ गुरु परम्परा चलती आई है। व्यक्तिगत रीति से करोड़ों लोग अपने-अपने गुरु को चुनते हैं, श्रद्धा से, भक्ति से वंदना करते हैं, अनेक अच्छे संस्कारों को पाते हैं। इसी कारण अनेक आक्रमणों के बाद भी अपना समाज, देश, राष्ट्र आज भी जीवित है। उन्होंने संघ सेवकों को राष्ट्रप्रेम और राष्ट्र के प्रति हिदू संगठन के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि आज से करीब 100 वर्ष पहले डाक्टर हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। संघ दुनिया का शायद अकेला समाजसेवी संगठन होगा, जो आर्थिक तौर पर आत्म. निर्भर है और किसी से चंदा नहीं लेता है। संघ से जुड़े लोग भी साल में केवल एक बार अपनी तरफ से दक्षिणा देते हैं, जिसे गुरु दक्षिणा कहा जाता है। डॉ. हेडगेवार ने संघ को आत्म निर्भर बनाया और इसके लिए गुरू दक्षिणा की परपंरा शुरू की। इस दौरान स्वयंसेवक संघ में गुरु माने जाने वाले भगवा ध्वज के सामने ये समर्पण राशि रखते हैं, इसे पूरी तरह गुप्त रखा जाता है। यानी दक्षिणा की राशि और देने वाले का नाम सार्वजनिक नहीं किया जाता है लेकिन हर पैसे का पूरा हिसाब रखा जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरएसएस स्वयंसेवक उत्तर पूर्व क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहू, खण्ड कार्यवाह प्रभु राणा, पूर्व विधायक मनोज यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, संजय यादव, मिथिलेश श्रीवास्तव, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, गोविंद साव, हरेंद्र गोप, सकलदेव यादव, बीरेंद्र रजक, विशेश्वर यादव, पंकज वर्णवाल, मुकेश कुमार, नवलकिशोर सिंह, आकाश कुमार राज, ज्योतिष यादव, भूपेंद्र यादव, मनोज उपाध्याय, उमेश गोप, विक्की, पिंटू यादव समेत दर्जनों महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

## प्रिती गुप्ता के सम्मान में भाजपाईयों ने विधायक अकेला के खिलाफ निकाला विरोध मार्च



विरोध प्रदर्शन करते जीप सदस्य प्रीती कुमारी एवं अन्य

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही विधायक अकेला यादव व जिला परिषद सदस्या प्रिती कुमारी के बीच हुए नोकझोक का मामला अब तूल पडकने लगा है। एक जनप्रतिनिधि द्वारा दूसरे जनप्रतिनिधी के साथ अभद्र व्यवहार करने व उनके अधिकार से वंचित करने के विरोध में भाजपाइयों ने अकेला यादव के खिलाफ निकाला विरोध मार्च। विराध मार्च पूर्व विधायक मनोज यादव के आवास से निकल कर बरही चौक पहुँचा। इस दौरान भाजपाइयों ने अकेला यादव मुर्दाबाद, जनप्रतिनिधियो को सम्मान देना होगा देना, जनप्रतिनिधियो के सम्मान में भाजपा उत्तरी मैदान में आदि नारों से बरही गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने उपस्थित जनप्रतिनिधियो से स्पष्ट कहा कि अगर अकेला यादव पंचायत जनप्रतिनिधियों के अधिकारो का हनन करे तो आप उसका खुलकर विराध करे। पूर्व विधायक ने अधिकारियो से कहा कि आप नियम संगत कार्य करे हमे कोई दिक्कत नही और अगर आप विधायक का दलाली किया तो उसे बर्दस्त नही किया जाएगा। विधायक ने कहा कि अकेला यादव के उल्टी गिनती शुरू हो गया इसलिए ये बौखला गया और उटपूतांग हरकत कर रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बरही मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अधिकार व प्रतिष्ठा के साथ खिलवाड़ किया तो उसे हमारा संघ बर्दास्त नही करेगा और विधायक अकेला यादव का पंचायत स्तर पर विरोध किया जाएगा। जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव ने कहा कि विधायक अकेला यादव अगर हम जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन किया तो उसका जमकर विरोश करे। जिला परिषद सदस्या प्रिती कुमारी में कहा कि अकेला यादव ने एक महिला को अपमानित किया है जिसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। कहा जनता ने ताज दिया उसे उतारना भी जानती है। चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक ने कहा कि जिस प्रकार विधायक जनता से चुनकर आये है ठीक उसी प्रकार हम भी जनता से चुनकर आये इसलिए हमारे साथ दुर्व्यवहार करना निंदनीय है। कार्यक्रम का सम्बोधन चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजपा नेता गुरुदेव गुप्ता, चौपारण जिला परिषद सदस्य आरती कौशल, राकेश रंजन, मुखिया मोतीलाल चौधरी, भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान, आदि ने किया। मौके पर भाजपा युवा नेता कृष्णा यादव, रितेश गुप्ता, मनोज उपाध्याय, मलकोको मुखिया विजय यादव, खिरोधर मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, संतोष राम, नागेश्वर रजक, पिंटू यादव, मुन्ना यादव सहित सैकड़ों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।




## बरही अनुमंडल पुलिस ने भगहर एवं परसातरी में अवैध 30 – 40 शराब भट्ठियों को किया नष्ट



महुआ शराब को नष्ट करते बरही एसडीपीओ व अन्य

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर गुरुवार को बरही अनुमण्डल पुलिस पदाधिक. ारी नाजीर अख्तर के नेतृत्व में चौपारण प्रखंड के भागहर एवं परसातरी में सहित अन्य जंगली क्षेत्रों में भ्रमण कर करीब 30 - 40 शराब की भट्ठियां सहित 1000 ड्राम निर्मित शराब को सम्पूर्ण रूप से विनिष्ट किया गया। तत्पश्चात आस पास के गांव में जाकर ग्रामीणों को नशा मुक्ति उन्मूलन के संबंध में जानकारी देते हुए शराब का सेवन नही करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया । साथ ही ग्रामीणों से शराब का निर्माण करने वाले लोगो की सूचना पुलिस को गुप्त रूप से उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया। इस छापेमारी दल में सीआरपीएफ बल के सहायक समादेष्टा पंकज कुमार अपने ब्रावो कम्पनी के 154 बटालियन के साथ तथा चौपारण थाना प्रभारी, शम्भुनन्द ईश्वर एवं रिजर्व गार्ड के साथ शामिल थे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बरही विधायक ने पीड़ित परिवार को सौंप चार लाख का स्वीकृति पत्र

### पिछले वर्ष दीवार गिरने से बच्ची की हुई थी मौत

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**


पीड़ित परिवार को चार लाख का स्वीकृति पत्र सौंपते बरही विधायक

प्रखंड के मदनगुंडी पंचायत सचिवालय परिसर में बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने मदनगुंडी निवासी पिंटु साव को आपदा प्रबंधन विभाग से स्वीकृत चार लाख रुपए का स्वीकृति पत्र प्रदान किए। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष चक्रवाती तूफ़ान आस में हुए मुसलाधार बारिष के कारण दीवार गिरने से पिंटू साव की पुत्री पल्लवी कुमारी की मृत्यु हो गई थी। जिसे आपदा प्रबंधन विभाग से अनुग्रह अनुदान के रूप में उसके आश्रित को चार लाख रुपए का अनुदान राशि दिया गया। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि झारखंड सरकार के आपदा विभाग आपदा से पीड़ित परिवारों को सहयोग करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि झारखंड में गरीबों तथा असहाय लोगों के प्रति सरकार चिंतित हैं और उन्हें हर संभव मदद कर रही है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल, विधायक प्रतिनिधि राज. कुमार यादव, अज्जू सिंह, चंदवारा पश्चिमी के पूर्व जिला परिषद के प्रतिनिधि अशोक सिंह, मुखिया रामदेव यादव, पंसस महेंद्र पंडित, कौलेश्वर साव, अनिल दास, मनोज शर्मा, राजू पासवान, प्रमोद कुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

## बीडीओ–सीओ ने प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विधालयों का किया निरीक्षण

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते बीडीओ संजय कुमार यादव

उपायुक्त कोडरमा द्वारा जिले में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों एवं स्वास्थ्य केंद्रों की उपयोगिता में सुधार के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत इन केंद्रों की साफ सफाई, पठन पाठन, स्वास्थ्य सुविधाएं आदि की जांच और ग्रेडिंग की जा रही है। इस निरीक्षण और ग्रेडिंग में बेहतर कार्य करने वाले केंद्रों को उपायुक्त कोडरमा द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। इस निमित गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव एवं अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल ने प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विधालयों का निरीक्षण किया।







## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



चंदवारा प्रखंड के मदनगुंडी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कारोंजिया में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटब०ल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के बच्चो के समूहों के बीच फुटब०ल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियो. गिता को लेकर बच्चों में भरपूर उत्साह दिखा। सभी बच्चों ने अपने जोश का प्रदर्शन किया। बतौर मुख्य अतिथि चंदवारा प्रमुख मंजू देवी व प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय यादव मौजूद रहे। इस दौरान प्रमुख मंजू देवी ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। फुटबॉल के खेलने से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने कहा कि खेल से सिर्फ शरीर को फायदा नहीं मिलता बल्कि खेल हमे अनुशासन भी सिखाता है। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि विजय मोदी,मुखिया रामदेव यादव,पंचायत समिति सदस्य महेंद्र पंडित, उप प्रमुख प्रतिनिधि बिजेंद्र यादव, बीपीओ जुलिता मिंज, बीआरपी बालेश्वर यादव, पंकज कुमार, शिक्षक दिलीप वर्णवाल, अरविंद कुमार, कुमुकला राजू, प्रदीप कुमार, अभय नारायण सिंह, मनोज कुमार रवानी, मनोज कुमार पांडेय, सुनीता कुमारी, चन्दा देवी, मंजू कुमारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## बरही विधायक ने किया धोती साड़ी का वितरण

### झारखंड सरकार गरीबों के हित में कर रही है कई काम– उमाशंकर

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



सोना–सोबरन धोती साड़ी लूंगी वितरण कार्यक्रम के तहत गुरुवार को बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रखंड के थाम, खांडी, आरागारो व भोंडो पंचायत के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकान पर पहुंचकर योग्य लाभुकों के बीच धोती साड़ी व लूंगी का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड सरकार गरीबों के हित में कई कार्य कर रही हैं। इसी क्रम में धोती साड़ी का वितरण कर गरीबों का मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार सभी गरीबों को अनाज देने का काम कर रही है। उन्होंने सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को हिदायत करते हुए कहा कि वह किसी भी हाल में गरीबों का हक नहीं मारेंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, अज्जू सिंह, अशोक सिंह, प्रमोद कुमार वर्मा, मनोज शर्मा, कौलेश्वर साव सहित कई लोग मौजूद थे।

## पूर्व विधायक ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों को किया सम्मानित




**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा –प्रखड मुख्यालय के निकट चलकुशा पंचायत भवन में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार सम्मान समारोह पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजन किया गया। संचालन कुमार रवि ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव पूर्व जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यक्रम का शुभारंभ । पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव पूर्व जीप उपाध्यक्ष चंदन देवी जिप सदस्य सविता सिंह प्रमुख नीतू देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट्कर किया जिसके बाद सभी मुख्य अतिथि को माला पहनाकर स्वागत किया गया। जानकी यादव ने सभी नवनिर्वाचित जिप सदस्य सविता सिंह प्रमुख नीतू देवी उपप्रमुख शमशेर आलम मुखिया आलोक सिंह, सुखदेव यादव, कुमार अंशु, उर्मिला देवी, किरण देवी, ललिता देवी, सविता देवी, अंजना देवी, लखिया देवी पंचायत समिति सदस्य गायत्री देवी, मरियम खातून, रुकसाना खातून, ममता देवी, रिंकी देवी, बाबूलाल यादव शंकर साव,उमेश ठाकुर, एवं सभी उप मुखिया अफजाल अंसारी, वार्ड सदस्यों एवं पत्रकार विक्रम सिंह, धीरेंद्र शर्मा, अशोक चौधरी, मुन्ना यादव ,इजहार हुसैन सभी को श०ल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक ने सभी जनप्रतिनिधियों को अपने दायित्व को भली–भांति समझने को कहा और अपने अपने पंचायत में बेहतरीन विकास करने पर ध्यान ध्यान देने को कहा मौके पर रामदेव यादव ,केदार यादव, सीताराम पंडित, विक्रमादित्य सिंह, बासुदेव यादव, रामजीत रजक, उमेश साव, अब्दुल हलीम अंसारी, रामजीत चौधरी, दीपू चौधरी, नसीम अंसारी, किशोरी पांडेय, शिव कुमार सिंह एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## कलश यात्रा में सम्मिलित हुए मुखिया संघ अध्यक्ष व प्रमुख प्रतिनिधि

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**



बच्छई पंचायत के चक नीवसी बंधन राणा व रामलखन राणा के नव निर्मित मकान के गृह प्रवेश के कलश यात्रा में सम्मिलित हुए प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक एवम समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव सहित अन्य। कलश यात्रा चक से निकलकर शिव मंदिर होते चक नदी तक गया।कलश यात्रा में सम्मिलित मुखिया बिरेन्द्र रजक ने कहा कि दोनों परिवारों का घर खुशियओ से भरा रहे। भगवान की कृपा दोनो पर बना रहे। कलश यात्रा में 250 सौ श्रद्धालुओ ने कलश उठाया। मौके पर समाजसेवी रामलखन राणा, रंजीत यादव, पप्पू राणा, सरयू राणा, समलाल यादव, भोला राणा, रंजीत यादव, विशाल राणा, गोबिंद राणा, उमेश यादव, बिरजू राणा, अशोक राणा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

## चिरुडीह गोली कांड मामले मे योगेंद्र साव को बेल मिलने पर कांग्रेसियों ने खुशी जाहिर कर मिठाई बांटी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : 2016 में चिरुडीह गोलीकांड मामले में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को जमानत मिलने पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे की अध्यक्षता में कांग्रेसियों ने बड़कागांव मुख्य चौक में मिठाई बांटकर जश्न मनाया। चिरुडीह गोलीकांड मामले में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिल गयी है। हाईकोर्ट में जस्टिस रंगून मुखोपाध्याय और जस्टिस अंबूज नाथ की खंडपीठ ने जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया। ज्ञात हो के बड़कागांव स्थित चिरुडीह गोलीकांड से जुड़े मामले में अदालत ने योगेंद्र साव को10 साल की सजा सुनायी थी। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और उनकी पत्नी व पूर्व विधायक निर्मला देवी को अदालत ने दोषी करार दिया था, जबकि पुत्र अंकित कुमार को अदालत ने बरी कर दिया था। मामला कांड संख्या 228/16 से जुड़ा हुआ है। कोल खनन को लेकर बड़कागांव के चिरुडीह में पूर्व विधायक निर्मला देवी की अगुवाई में कफन सत्याग्रह किया गया था। कफन सत्याग्रह के दौरान पूर्व विधायक निर्मला देवी को बड़कागांव पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया था। जमानत मिलने पर कांग्रेसियों ने बड़कागांव मुख्य चौक पर झंडा लहराते हुए मिठाई बांटकर खुशी जाहिर कर जश्न मनाया। जमानत मिलने पर जश्न मनाने वाले लोगों में मुख्य रूप से बड़कागांव प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, संजय महतो, जिला कांग्रेस महासचिव पंकज गुप्ता, जगनंदन प्रसाद गुप्ता, सुरेश महतो, उपेंद्र कुमार, मुखिया दिनेश साव, विरेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार ,शमीम अहमद, वाहिद अली, मोहम्मद रफुल, राजेश रजक, आनंद कुमार, सुरेश कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## 22जुलाई से गिरिडीह स्टेडियम में सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह जन संपर्क सह जन सुचना पदाधिकारी द्वारा प्रेस रिलीज जारी कर मिडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए कहा कि उप निदेशक खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग झारखण्ड , राँची के पत्रांक 234 दिनांक 08.07.2022 के निदेशानुसार जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2022-23 का आयोजन दिनांक 22.07.2022 से 24.07.2022 तक गिरिडीह स्टेडियम , गिरिडीह में निर्धारित किया गया है । उक्त प्रतियोगिता में सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड स्तरीय विजेता ( बालक एवं बालिका ) के टीम भाग लेंगे । उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन दिनांक 22.07.2022 पूर्वाहन 11:00 बजे से स्टेडियम, गिरिडीह में निर्धारित है।




## अखिल भारतीय किसान महासभा ने धरना देकर की सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग






**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह जिला में बारिश नहीं होने से सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। धान की बुआई का समय निकला जा रहा है किसान हताश होकर आसमान की ओर देख रहे हैं और उम्मीद भरी नजरों से सरकार को देख रही है कि सुखाड़ क्षेत्र की घोषणा कब करेंगी ताकी किसानो को राहत मिल सके। किसानो की बदहाली और सुखाड़ की स्थिति पर संज्ञान लेकर भाकपा माले ने सरकाए से अविलंब गिरिडीह को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग की है। गिरिडीह के किसानों ने जो धान के बिचड़े लगाए थे वे करीब-करीब सूख चुके हैं। कुल मिलाकर इस वर्ष खेती की उम्मीद नहीं दिख रही, इसलिए सरकार तत्काल गिरिडीह प्रखंड समेत उन सभी प्रखंडों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर किसानों को राहत उपलब्ध कराए, जहां ऐसी स्थिति बनी है। उपरोक्त बातें आज सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने को लेकर अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले गिरिडीह प्रखंड मुख्यालय में आयोजित एक दिवसीय धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह माले नेता राजेश यादव ने कही। उन्होंने कहा कि, सुखाड़ के कारण ना सिर्फ किसान बल्कि ग्रामीण मजदूर भी प्रभावित हुए हैं। उनका रोजगार मारा गया है। खेती के दिनों में उन्हें आम तौर पर जो रोजगार मिलता था वह भी इस बार नहीं मिल रहा है। सरकारी मनरेगा की योजनाएं नहीं चलने से ग्रामीण मजदूर चौतरफा बेरोजगारी के शिकार हैं। इसलिए हम मांग करते हैं कि सरकार तत्काल मनरेगा की योजनाओं को चालू करे और ना सिर्फ चालू करे बल्कि न्यूनतम मजदूरी कम-से-कम 600 निर्धारित करे। अगर यह सब नहीं हुआ तो हम आगे और भी बड़े आंदोलन की तरफ बढ़ेंगे। वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माले नेता राजेश सिन्हा ने किसानों सहित गरीबों का बिजली बिल माफ करने तथा तथा ग्रामीण महिलाओं द्वारा लिया गया ग्रुप लोन पूरी तरह से माफ करने की मांग करते हुए कहा कि, इस तरह के ऋण जाल में महिलाओं को फंसाने के लिए सरकार की गलत नीतियां जिम्मेवार है। आंदोलनकारियों की तरफ से घोषणा की गई थी यदि सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया तो एक पखवारा होते-होते दोबारा हम लोग और भी जोरदार तरीके से आंदोलन में उतरेंगे। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रीति भास्कर, पप्पू खान, संजय यादव, मनोज कुमार यादव, एकलव्य उजाला, संजय चौधरी, लोगन सोरेन, संजय मुर्मू, अखिलेश राज, शिबलाल टुडू, सोनू रवानी, नौशाद अहमद चांद, संतोष राय, मो. नाशीर शेख, मो. इप्तिखार, सरिता देवी, निशान्त भास्कर, मो. कादिर, मो. शमीम, कार्तिक वर्मा, राबर्ट मुर्मू, राजू सिंह, मनीष वर्मा, रुस्तम अंसारी समेत बड़ी तादाद में लोग मौजूद थे।

## शिवम के प्रतिभा को पूर्व विधायक ने किया सम्मानित, माइक्रोसाफ्ट ने दिया 15 लाख ईनाम

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**



बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव लगातार प्रतिभावान युवकों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाने का कार्य कर रहे है। इसी कड़ी में सेलहरा निवासी शिवम कुमार सिंह के प्रतिभा को सम्मानित करते हुए उसका मनोबल बढ़ाया। 12वीं के छात्र शिवम ने अंतरराष्ट्रीय कंपनी माइक्रोसॉफ्ट में ब्राउजर लैंग्वेज ट्रांसलेशन टूल में आ रही परेशानियो को दूर कर कंपनी को प्रभावित किया था। कंपनी ने समस्या समाधान के लिए शिवम को बतौर ईनाम 15 लाख की राशि से सम्मानित किया था। इस संदर्भ में शिवम ने बताया माइक्रोसॉफ्ट कंपनी ने अपनी समस्यों को लेकर कंपनी के आधिकारिक वेबसाइट पर डाला था जिसे हमने अपने दोस्त वंश के साथ मिलकर ठीक कर दिया कंपनी के मेल कर दिया। कंपनी ने मेल को संज्ञान लेकर उपाय को अमल किया और दोनो युवकों को ईनाम दिया। शिवम के इस प्रतिभा की खबर सुनकर पूर्व विधायक ने अपने आवास पर बुलाकर उसे सम्मानित किया बल्कि हर सभव मदद का भरोशा दिया। पूर्व विधायक ने कहा कि चौपारण क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नही है बस उसे अवसर मिलने की जरुरत है। पूर्व विधायक ने कहा की हाल ही में जेपीएससी में एक युवक व एक युवती ने सफलता हाशिल कर चौपारण का मान सम्मान बढ़ाया है। मौके पर बरही जिला परिषद के पूर्व प्रत्याशी रेखा देवी यादव ,राष्ट्रीय यादव सेना महासचिव संजय यादव ,समाजसेवी नरेंद्र कुमार ,मुकेश सिंह ,शिक्षक अनूप मेहता ,शिव मेहता ,मिथलेश सिंह आदि उपस्थित थे।



## ज्ञान विज्ञान समिती गिरिडीह इकाई ने आयोजित किया श्रद्धांजली सभा

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज गुरुवार 21जुलाई2022 को भारत ज्ञान विज्ञान समिति गिरिडीह जिला इकाई के द्वारा क०मरेड ए.के.राय जी का स्मृति सभा आयोजित किया गया। धर्मपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य लाल हाजरा ने क०मरेड ए के राय के चित्र पर मालार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया और उनके बताए गए राह पर चलने का संकल्प लिया। श्रद्धांजली सभा का आयोजन गिरिडीह जिला के जमुआ प्रखंड अन्तर्गत श्यामसिंह नावाडीह में किया गया कार्यक्रम की शुरुआत सभी प्रखंड से आए अजय विश्वकर्मा एक गीत गाकर शुरू की जिसका बोल था इसलिए राह संघर्ष की हम चुनें जिंदगी आंसुओं में नहाई न हो। कार्यक्रम में भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य महासचिव श्री विश्वनाथ सिंह ने कहा कि 21 जुलाई 2019 को हमने एक ऐसे महान शख्सियत को अपने बीच से खो दिया है जिनके जीवन शैली और लोकतंत्र में राजनीतिक स्वच्छता के स्थापना का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। खुद संभ्रांत परिवार में पैदा होकर मैकेनिकल इंजीनियर जैसे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद झारखंड की सिन्दरी उर्वरक कारखाने में इंजीनियरिंग की नौकरी इसलिए छोड़ दी क्योंकि उस समय झारखंड में कोयला मजदूरों की जो स्थिति थी वह जानवरों से भी बदतर थी और एक श्रमिक नेता के रूप में उन्होंने जो काम किया उसका परिणाम था कि निजी ठेकेदारीवाले कोयला खदानों को भी सरकार को राष्ट्रीय कृत करना पड़ा और मजदूरों को आम इंसान की जिंदगी जीने का अवसर मिला। उनके संघर्षशील जीवन को देखते हुए प्रबंधन को अच्छा नहीं लग रहा था उन्होंने नौकरी से रिजाइन दे दी । ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड धनबाद जिला इकाई के कार्यकर्ता और भाषा संस्कृति आंदोलन के सहकर्मी शिव शंकर दसोंधी ने कहा कि क०मरेड राय दा श्रमिकों के बात को संसद तक ले जाने के उद्देश्य से सक्रिय राजनीति में उतर गए सिंदरी विधानसभा से तीन बार विधायक धनबाद लोकसभा से तीन बार सांसद जीतने के बावजूद भी उनकी जीवनशैली बिल्कुल सादगी पूर्ण थी। आज की राजनीति आज के लोकतंत्र को अगर आप देखे तो चुनाव की प्रक्रिया इतनी महंगी हो गई है लेकिन उन्होंने चुनाव जीतने की जो प्रक्रिया की बुनियाद डाली थी उसमें चरित्रवान और संघर्षशील व्यक्ति को संसदीय प्रणाली में भाग लेना आसान था ,कम खर्च या जनता के चंदे से चुनाव जीता जाता था। जिलाध्यक्ष मोहम्मद आलम अंसारी ने कहा कि क०मरेड राय दा खुद अविवाहित रहकर एक छोटे से कमरे में एक चटाई एक टेबल और हाथ से बने बांस के पंखे के साथ उन्होने अपनी पूरी जिंदगी बिता दी। उनका अपना कोई वाहन नहीं था अपने कार्यकर्ताओं के साथ या भाड़े के वाहनों में वह हमेशा गांवों और दूर-दराज के इलाकों में सफर किया करते थे देश का वह पहला चुना हुआ जनप्रतिनिधि थे जिन्होंने सरकारी पेंशन लेने से मना कर दिया था । योगेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हम सबको इनके जीवनी से खुद और अपने बच्चों को सिख लेने की जरूरत है। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया और क०मरेड ए के राय के संघर्ष भरी जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पंकज वर्मा, योगेंद्र गुप्ता ,रामप्रसाद राणा,अजय विश्वकर्मा ,संभु हाजरा,ओम प्रकाश कुमार वर्मा ,हेमलाल कुमार ,सुनील कुमार ,किरण कुमारी,कुमारी ममता,अंजली कुमारी, दीपक कुमार, रामप्रसाद हेम्ब्रम,हरि पंडित,भीमलाल दास आदि लोग मौजूद रहे और सबों ने बारी बारी से उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

## स्वास्थ्य बीमा (मेडीक्लेम) पॉलिसी क्यों है जरूरी आपके लिए

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह एलआइसी ऑफिस शाखा के एलआइसी एडवाइजर बजरंगी महतो ने विभिन्न बीमा कंपनीयों द्वारा विक्रय की जा रही हेल्थ इंश्योरेंस प्लान/मेडिक्लेम प०लिसी के लेने से होनेवाली लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि आज के समय में हरेक परिवार के लिए हेल्थ इंश्योरेंस प्लान नितान्त आवश्यक है क्योंकि लोग विभिन्न तरह के गंभीर बीमारीयों की जद में ज्यादा आने लगे हैं और धन के अभाव में जान गंवा बैठते हैं। बाजार में विभिन्न इंश्योरेंस कंपनियां हेल्थ इंश्योरेंस प्लान बेच रही है जिसे अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर जरूर खरीदें। हेल्थ इंश्योरेंस प्लान खरीदने से आपको निम्नलिखित फायदे होंगे :- 1 ) स्वास्थ्य बीमा (मेडीक्लेम) अभिकर्ता को देखकर लोगो को प्रायः सुरक्षा के स्थान पर भय की अनुभूति होती है, लेकिन किसी के बीमार पड़ने के बाद अभिकर्ता की उपस्तिथि बड़ा सुकून देती है 2) हम अपने मोबाइल का बैलेंस चेक कर सकते हैं, अपने बैंक का बैलेंस चौक कर सकते है लेकिन अपने हेल्थ का बैलेंस कोई चौक नहीं कर सकता हेल्थ का यह बैलेंस किसी का भी और कभी भी समाप्त हो सकता है, इसलिए अपने परिवार की आर्थिक सुरक्षा को स्वास्थ्य बीमा (मेडीक्लेम) से आच्छादित अवश्य कराएं । 3) बिजली की अनवरत सप्लाई और रोशनी के लिए आप इन्वर्टर खरीदते हैं, आप अपने परिवार की रौशनी हैं, आपकी स्वास्थ्य बीमा (मेडीक्लेम) पालिसी स्वास्थ्य (मेडीक्लेम) जरूरतों का इन्वर्टर है जो आपके बीमार पड़ने पर अनवरत रोशनी का प्रबंध करता है ! 4) अग्निशमन वाहन अलार्म बजाते हुए आता है , लेकिन बीमारी का वाहन बिना अलार्म बजाये ही आता है ! 5) हम अपने मोबाइल जिसकी कीमत लगभग . 10000 होती है उसकी सुरक्षा के लिए स्क्रीन गार्ड खरीदते हैं, उसका बीमा करवाते हैं लेकिन परिवार की /स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए अपना स्वास्थ्य बीमा (मेडीक्लेम) लेने का निर्णय भविष्य के लिए टाल देते हैं जिसकी वैल्यू करोड़ों से भी अधिक है ! 6) व्यक्ति अपनी आय में से अपने ऊपर लगभग 20 ही खर्च करता है शेष 80 उसका परिवार (पत्नी, बच्चे, माता पिता) निर्भर होते हैं । मगर जब किसी परिवार का कमाऊ सदस्य बीमार पड़ जाता है तो प्रश्न उठता है कि बिमारी में जो खर्च होंगे उस खर्च का बंदोबस्त कौन करेगा ? ? ? - - समाज के लोग - करीबी दोस्त - नजदीकी रिश्तेदार - या इनमे से कोई नहीं स्वास्थ्य बीमा (मेडीक्लेम) इसी की प्रतिपूर्ति सुनिश्चित करता है ! 7) पैसा एक ही भाषा बोलता है अगर आज तुमने मुझे बचा लिया तो कल मै तुम्हे बचा लुंगा । 8) बिमार होने पर बिल कौन भरेगा ?इन्शोरन्स कंपनी या स्वयं (खुद ) आप । 9) यदि आपके पास मे. डीक्लेम बीमा नहीं है तो आपके पास क्या - क्या विकल्प है गंभीर बीमारियों का ईलाज करवाने में आने वाली भारी भरकम राशि का बंदोबस्ती का? 1) बचत से इलाज कराना 2) प्रापर्टी बेचकर 3) रिश्तेदारों से उधार लेकर 4) ज्वेलरी गिरवी रखकर 5) अधिक ब्याज दर पर लोन लेकर 6) या कुछ और' ' ' ' ' ' ??? अगर आप के पास गंभीर बिमारी का इलाज करवाने में समर्थ नहीं है तो अविलंब हेल्थ इंश्योरेंस प्लान खरीद कर अपना बहुमूल्य जीवन को बचाने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाए।

## सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आकांक्षा में डॉ ललन बाबू कस्तूरबा के दो छात्र सफल

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**





चौपारण : प्रखंड के कस्तूरबा जन जागरण समिति द्वारा संचालित डॉ ललन बाबू कस्तूरबा गाँधी +2 उच्च विद्यालय के दो छात्रों ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आकांक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रौशन किया। एक का मेडिकल तो दूसरे का इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए आकांक्षा में चयन हुआ है। बतादें की आकांक्षा का रिजल्ट बुधवार को जैक बोर्ड द्वारा जारी किया गया । जिसमें 3433 छात्र छात्राएं पूरे झारखंण्ड में सफल हुए। इंजीनियरिंग के लिए 1572 , मेडिकल के लिए 1846 और क्लेट म लिए 15 छात्र छात्राएं सफल हुए हैं। जहां डॉ ललन बाबू कस्तूरबा के शैलेश कुमार साव पिता धनेश्वर साव ग्राम कोयन्डा ने इंजीनियरिंग और बेबी कुमारी पिता इंद्रदेव साव ग्राम बारा ने मेडिकल की तैयारी के लिए चयनित हुए है। इनके सफलता हासिल करने पर विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों में खुशी का माहौल है। इस सम्बंध में विद्यालय प्राचार्या ममता कुमारी ने दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने इस सफलता श्रेय शिक्षकों के सही मार्गदर्शन और छात्रो के मेहनत को दी। बतादें की आकांक्षा योजना सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है। जिसके तहत बच्चों को अपनी हायर सेकेंड्री की पढ़ाई जारी रखते हुए मेडिकल , इंजीनियरिंग और क्लेट की निःशुल्क कोचिंग मुहैया करवाई जाएगी। जिसमें मुफ्त आवासीय कोचिंग अध्ययन सामग्री और बच्चों के अनुकूल सीखने का माहौल प्रदान की जाती है। ताकि गरीब और निर्धन मेधावी बच्चे भी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

## विश्व हिन्दू परिषद बेंगाबाद प्रखंड इकाई का पुनर्गठन संपन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह ज़िला के बेंगाबाद प्रखंड अंर्तगत जेरुवाडीह पंचायत सचिवालय सभागार कक्ष में बजरंग दल संयोजक की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन बजरंग दल के सह संयोजक ने किया। बैठक में दर्जनाधिक स्थानीय लोग शामिल थे। बैठक के दौरान बजरंग दल जिला संयोजक ने संगठन विस्तार पर चर्चा किया औरलोगों को ज्यादा से ज्यादा संगठन से जुड़ने की अपील किया।बजरंग दल गिरिडीह के संयोज्क व सह संयोजक ने संयुक्त रूप से बैठक में शामिल लोगों के बीच बजरंग दल समिती का निमार्ण किया। आज के इस बैठक में मुख्य रूप से बलराम पंडित, अंकित सिंह, साहेब सिंह, दिलीप सिंह, सुरेंद्र सिंह, दिगंबर सिंह, राजेंद्र सिंह, अशोक सिंह, उमेश यादव, दिनेश सिंह, सुमित सिंह, समीर सिंह, मिथलेश पंडित, रंजीत सिंह, गुलाब सिंह, बद्री सिंह, सुशांत कुमार, अंकित कुमार, रितेश पाण्डेय, सुरेश रजक समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने उपायुक्त से मिल कर प्रखण्ड की कई समस्याओं को रखा

### कान्हाचट्टी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक एवं एम्बुलेंस की मांग पत्र सौंपकर किया मांग

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :– भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह ने गुरुवार को नव पदस्थापित उपायुक्त अबू इमरान से औपचारिक मुलाकात की,और एक मांग पत्र सौंपा ।मांग पत्र के माध्यम से मंडल अध्यक्ष ने कान्हाचट्टी प्रखण्ड के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया ।मंडल अध्यक्ष ने उपायुक्त से कान्हाचट्टी स्वास्थ्य केंद्र में ड०क्टर की मांग,अस्पताल में एम्बुलेंस की मांग,एवं अन्य समस्याओं से सम्बंधित मांग किया ।सतीश ने बताया कि कान्हाचट्टी की इतनी बड़ी आबादी केवल ग्रामीण चिकित्सको पर ही निर्भर है ।कान्हाचट्टी अस्पताल में ना तो डॉक्टर हैं और ना ही एम्बुलेंस ।इन कमियों के कारण ग्रामीमो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।वही जब कोई दुर्घटना हो जाती है तो डॉक्टर और एम्बुलेंस के अभाव में कई लोग दम तोड़ देते है ।मंडल अध्यक्ष के साथ प्रखण्ड महामंत्री लखन यादव,मीडिया प्रभारी प्रिंस कुमार केशरी एवं अवधेश कुमार सिंह उर्फ गुज्जुन भी मौजूद थे।

## चतरा में शिक्षा विभाग का अजब खेल

### स्कूल से एब्सेंट दजनो शिक्षकों से जिला शिक्षा पदाधिकारी ने किया स्पष्टीकरण

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी :– चतरा जिले में शिक्षा विभाग का अजब गजब खेल वर्तमान में देखने को मिल रहा है ।शिक्षा विभाग मुर्दे को भी बख्शने के लिए तैयार नहीं है, मुर्दे को भी स्पष्टीकरण का जवाब मांगा जा रहा है। ऐसा ही मामला कान्हाचट्टी में प्रकाश में आया ही ।चतरा जिले के शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से जिले भर के सैकड़ों शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया। जिसमें एक ऐसे शिक्षक का भी नाम उसमें शामिल है जो 2 वर्ष पहले सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो चुकी है ।यह मामला कान्हाचट्टी प्रखंड के राजपुर गांव की है ।बताते चलें कि राजपुर गांव के सुनील कुमार केसरी जो बी के प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक थे ।उनकी मृत्यु 2 वर्ष पहले ही सड़क दुर्घटना में हो चुकी है। इसकी जानकारी शिक्षा विभाग को पहले से ही है बावजूद जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से निकले पत्र जिसका पत्रांक 1053 एवं दिनांक 20 जुलाई 2022 है। इस पत्र के माध्यम से मुर्दे को भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। इधर जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय से कई शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य में डिप्टेशन किया गया है जिसके बाद भी शिक्षकों से शिक्षा विभाग ने स्पष्टीकरण मांगा है कि आप किस परिस्थिति में अपने विद्यालय से अनुपस्थित हैं। और आपका अटेंडेंस ऑनलाइन क्यों नहीं बन रहा है ।वही कई ऐसे शिक्षक का भी नाम सामिल है जो रिटायर भी कर चुके हैं। क्या कहते हैं जिला शिक्षा पदाधिकारी रू–इस मामले में जब जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र सिन्हा ने कहा कि यह ऑनलाइन लिस्ट निकाला गया है,चुकी वर्तमान में सभी शिक्षकों का अटेंडेंस बायोमीट्रिक सिस्टम से होता है ।यदि जो शिक्षक का डिप्टेशन कहीं है को लिख कर देंगे।

## बिरनी को सुखाड़ घोषित करने के लिए माले ने किया धरना प्रदर्शन






**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड परिसर में गुरुवार को अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले बारीश नहीं होने की वजह से बिरनी को सुखाड़ घोषित करने के लिए माले ने धरना प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता किसान महासभा के प्रखंड अध्यक्ष रामसहाय यादव तथा संचालन इजराइल अंसारी ने किया। धान की खेती का समय लगभग निकलते जा रहा है। लेकिन समय पर बारिश नहीं होने की वजह से प्रखंड क्षेत्र में अबतक 20 प्रतिशत भी धान का बीज किसानों द्वारा नहीं लगाया जा सका है। जिसको देखते हुए अखिल भारतीय किसान सभा ने यह धरना के माध्यम से बिरनी क्षेत्र को सुखाड़ घोषित करने की मांग की ग इ । धरना में वक्तायों द्वारा कहा गया कि बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के लगभग 80 प्रतिशत लोग खेती पर निर्भर रहकर अपना जीविका चलाते हैं। कर्ज लेकर किसानों द्वारा धान का बीज लगाया गया है। बारिश नहीं होने की वजह से वो भी धन बीज लगभग बर्बाद हो चुकी है। जिसको देखते हुए सरकार को वैकल्पिक व्यवस्था करना चाहिये। धरना में उपस्थित मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष मुस्तकीम अंसारी ने कहा कि मौसम का हालात को देखते हुए यहाँ एक परशेन्ट कि खेती नहीं हो पाई है। किसान कर्ज लेकर बीज तो लगाया लेकिन अब बर्बाद हो चुकी है। जिसको देखते हुए सरकार कर्ज माफ करते हुए किसानों फिर से कर्ज देने की व्यवस्था करनी चाहिये। और खेती पर निर्भर किसानों को बिजली बिल को भी माफ करने पर पहल करने की जरूरत है। मौके पर बिरनी प्रमुख रामू बैठा, सहदेव यादव, नईम अंसारी, टेकनारायण सिंह, सुखदेव वर्मा, कमरुद्दीन अंसारी, भीखन राय, इमरान अंसारी, मोइन अंसारी, किशोर वर्मा, नागेश्वर यादव, हीरालाल यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिला परिवहन पदाधिकारी गिरिडीह ने जारी किया यातायात नियम उल्लंघन करने पर तय जुर्माना की सुचना

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला में आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में मृत तथा चोटील वाहन चालकों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए गिरिडीह ज़िला परिवहन पदाधिकारी तथा यातायात थाना प्रभारी द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के पालन हेतु नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवहन पदाधिकारी तथा यातायात थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से गिरिडीह जिला भर के वाहन चालकों से अनुरोध किया है कि यातायात के नियमो का दृढ़ता से पालन करना सुनिश्चित करें। यातायात नियमों का उल्लंघन किए जाने पर मोटरयान अधिनियम 2019के अनुसार प्रावधानित दण्ड का विवरण निम्न प्रकार से है :–
1–वाहन में आगे तथा पीछे दोनों तरफ़ नंबर प्लेट नही होने पर धारा 179केतहत प्रथम उल्लंघन की स्थिति में 500रुपए का जुर्माना
2–बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने पर धारा 181के तहत प्रथम उल्लंघन की स्थिति में 5000का जुर्माना तथा तीन महिने का कारावास (जेल) की सजा
3–खतरनाक तरीके (रश ड्राइविंग) से वाहन चलाने पर धारा 183के तहत प्रथम उल्लंघन की स्थिति में 1000रुपए का जुर्माना तथा ड्राइविंग लाइसेंस जब्त/ निलंबन
4–वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने पर धारा 184(सी) के तहत प्रथम उल्लंघन की स्थिति में 1000रुपए का जुर्माना तथा 06महिने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस का निलंबन (सस्पेंशन)
5–नशे में अथवा शराब का सेवन कर वाहन चलाने पर धारा 192के तहत प्रथम उल्लंघन की स्थिति में 5000रुपए का जुर्माना
6–बिना सिटबेल्ट पहने चार पहिया वाहन चलाने पर धारा 194(बी) के तहत प्रथम उल्लंघन की स्थिति में 1000रुपए का जुर्माना
7–दो पहिया वाहन पर दो से अधिक लोग सवारी करने पर धारा 194(सी) के तहत प्रथम उल्लंघन की स्थिति में 1000रुपए का जुर्माना तथा तीन महिने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस का निलंबन 8–बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चलाने पर धारा 194(डी) के तहत प्रथम उल्लंघन की स्थिति में 1000रुपए का जुर्माना तथा तीन महिने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस का निलंबन 9–बिना वाहन बीमा (इंश्योरेंस) के वाहन चलाने पर धारा 196के तहत प्रथम उल्लंघन की स्थिति में 4000रुपए का जूर्माना तथा तीन महिने तक का कारावास (जेल)

## गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद शामिल हुए बैठक में

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला अंर्तगत बेंगाबाद प्रखंड मुख्यालय सभागार में आज पंचायत समिति के बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए आदरणीय गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद। , बैठक में में सांसद प्रतिनिधि, नव नियुक्त प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी,समेत अन्य पदाधिकारी,एवम निर्वाचित जनप्रतिनिधि, मुखिया जी लोग, की उपस्थिति में प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न हुई। प्रखंड अंतर्गत सभी चल रहे विकास,योजना, एवम अन्य विषय पर चर्चा हुई।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## एनटीपीसी परिसर में मेगा हैल्थ कैंप का आयोजन किया





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : एनटीपीसी कोल माइंस पकरी बरवाडी के तत्वधान में आर एन आर क०लोनी में कुशल चिकित्सकों द्वारा आरोग्यम अस्पताल के चिकत्सा विशेषज्ञों की सहायता से विभिन्न बीमारियों एवं अन्य शारीरिक निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि परियोजना के महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव ने किया एवं लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, एनटीपीसी सदैव ग्रामीणों की बेहतरी के लिए कार्य करती है एवं एनटीपीसी का यह प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति चिकित्सा सुविधाओं से वंचित ना रहे। जांच शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, जनरल फिजिसियन एवं जनरल सर्जन की देख–रेख में जांच की गयी एवं जांच के उपरांत निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में भारी संख्या में ग्रामीणों की उप. स्थिति रही और उन्होने चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया एवं ग्रामीणों ने एनटीपीसी के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर एनटीपीसी के मुख्य चिकत्सा अधिकारी डॉ. के. पधान, आर एंड आर विभाग के अप्रमहाप्रबंधक श्री राम, पी एंड एस विभाग के अप्रमहाप्रबंधक आनंद जी अग्रवाल, मानव संसाधन विभाग के अप्रमहाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना एवं अन्य सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## आजसू पार्टी कार्यकर्ता हाथियों से पीड़ित हुए परिवार से मिले सरकार से मुआवजे की मांग

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : पंदन्वा टाण्ड गांव में हाथियों के द्वारा मकानों को क्षतिग्रस्त करने एवं जानवरों को कुचल कर मार डालने मामले को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा के नेतृत्व में आजसू कार्यकर्ताओं ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिला एवं आर्थिक सहयोग दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार से पीड़ित परिवार के लिए शीघ्र मुआवजे की मांग की है। मांग करने वालों में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी, प्रदीप महतो, बलदेव महतो, तुलेश्वर महतो के अलावा कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता

### महज 12 घण्टे में वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश।चार को भेजा गया जेल

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



थाना अंतर्गत विष्णुगढ़ सात मील चौक से मंगलवार देर रात दीपक कुमार पिता देवलाल साव के घर के बाहर से अज्ञात चोरों के द्वारा बोलेरो पिकअप वैन जेएच 02 टी 2706 चोरी कर लिया गया था।इसे लेकर विष्णुगढ़ थाना में तहरीर दी गई थी।विष्णुगढ़ पुलिस इसे संज्ञान में लेते हुए वरीय अधिकारियों को सूचित गया।वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार घटना का उद्भेदन एवं त्वरित कार्यवाही हेतु विष्णुगढ़ एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया।छापेमारी दल के द्वारा त्वरित कार्यवाई करते हुए तकनीकी अनुसंधान के आधार पर महज 12 घंटे में चोरी की गई बोलेरो पिकअप वैन के साथ घटना में संलिप्त बिट्टू कुमार उर्फ बच्चवा पिता झुना दास एवं राजीव कुमार पिता संजय गुप्ता को राजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड से बरामद किया गया।कांड में पकड़ाए गए दोनो व्यक्तियों के निशानदेही पर अन्य दो व्यक्ति अखिलेश कुमार पिता स्व लाल बाबू राय एवं प्रसेनज्जित कुमार उर्फ सिपाही पिता महादेव यादव को बोकारो से गिरफ्तार किया गया।बोकारो से गिरफ्तार दोनो अभियुक्तों के निशानदेही पर बोकारो जिला के पिंडराजोर थाना क्षेत्र से चोरी की गई 407 वाहन संख्या जेएच 10 एक्स 2615 को बरवाअड्डा थाना क्षेत्र से बरामद किया गया।धाराए गए अभियुक्तों से 5 मोबाइल तथा एक गैस कटर भी बरामद किया गया है। बताया गया कि धराए गए चारो अभियुक्त पूर्व में भी अलग अलग मामलों में जेल जा चुके हैं।



**APEM LIVE**







Our Partners

ICICI Lombard General Insurance · TATA AIG Insurance · Liberty General Insurance · HDFC ERGO · Future Generali · digit · care Health Insurance · Royal Sundaram General Insurance · Oriental Insurance · New India Assurance · Chola MS General Insurance

सुविधा उपलब्धः–NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy